कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्री अनिल कुमार मीन पुत्र श्री कालूराम मीना, नोहरा वाला, ग्रा0 पो0 सिकराय तहसील सिकराय जिला दौसा (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार सिकराय), जिला दौसा

अपील सं0 18/2018

निर्णय दिनांक 02.05.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार सिकराय), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 12.01.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार सिकराय) को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार सिकराय) द्वारा उनके पत्रांक भू0अ0/सू0अ0/2018/1618 दिनांक 26.04.18 द्वारा आवेदक को वॉछित सूचना सीधा ही उपलब्ध करवाते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठांकित की गई है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार सिकराय) द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा